भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2400
07 अगस्त, 2026 को जवाब दिया

विरुदुनगर स्थित पीएम मित्र पार्क के लिए निधियों का आवंटन

2400. श्री प्रवीण चक्रवर्ती:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विरुदुनगर स्थित पीएम मित्र पार्क हेतु स्वीकृत परिव्यय के सापेक्ष अब तक जारी की गई केंद्रीय निधियों तथा ट्रंक अवसंरचना की प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रस्तावित 15 एमएलडी सामूहिक अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र तथा 20 एमएलडी शून्य तरल निस्सरण सुविधाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या इकाइयां इन सुविधाओं के प्रचालन में आने से पहले ही अपना कार्य आरंभ कर सकती हैं;

(घ) प्रक्षेपित दो लाख रोजगार के सापेक्ष अब तक आवंटित भूमि, प्रतिबद्ध निवेश तथा सृजित रोजगार का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस पार्क में इकाइयों को, तकनीकी वस्त्रों के लिए प्रोत्साहनों सहित, प्रदान किए जा रहे पीएलआई तथा अन्य प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क): पीएम मित्र योजना के तहत, अवसंरचना के विकास हेतु परियोजना लागत के 30% तक विकास पूंजीगत सहायता (DCS) प्रति पार्क अधिकतम 500 करोड़ रुपए की सीमा के अध्यधीन प्रदान की जाती है। तदनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान विरूद्धनगर में पीएम मित्र पार्क को 50 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की गई थी। अनुमोदित मास्टर प्लान के अनुसार अवसंरचना का विकास कार्य कार्यान्वित किया जा रहा है।

(ख): विरूद्धनगर में पीएम मित्र पार्क हेतु कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (CETP) के विकास के लिए निविदा जारी की गई है। प्रस्तावित जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (ZLD) सुविधा को पार्क के लिए एकीकृत पर्यावरणीय अवसंरचना के भाग के रूप में विकसित किया जाएगा।

(ग) और (घ): पार्क में मूल अवसंरचना का विकास कार्य होना और निवेश का वास्तविक रूप से किया जाना एक साथ प्रगति कर रहा है। वर्तमान में, विरूद्धनगर में पीएम मित्र पार्क में 177.40 एकड़ भूमि आवंटित करने की प्रक्रिया जारी है। शेष भूमि के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस पार्क को अब तक लगभग 13,011 व्यक्तियों की रोजगार क्षमता के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

(ङ): पीएम मित्र पार्कों में विनिर्माण इकाइयों की शीघ्र स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए पीएम मित्र योजना में प्रति पार्क 300 करोड़ रुपये तक की प्रतिस्पर्धी प्रोत्साहन सहायता (CIS) प्रदान की जाती है, जिसमें विनिर्माण इकाइयों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर कुल बिक्री कारोबार के 3% तक प्रोत्साहन प्रदान किया जा सकता है। यह केवल उन विनिर्माण कंपनियों के लिए उपलब्ध है जो वस्त्र पीएलआई योजना से लाभांवित नहीं हो रही हैं और यह पीएम मित्र पार्क के लिए प्रदान की गई निधि के समाप्त होने तक उपलब्ध रहेगी।

***